इंडिगो की चार दिन की विशेष सेल, किराया 1,999 रुपये से शुरू

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने मंगलवार को अपनी सीमित अवधि की सेल 'स्प्लैश इंटू सेविंग्स' पेश की जिसमें चुनिंदा घरेलू मार्गों पर सभी शुल्क सहित एकतरफा किराया 1,999 रुपये से शुरू होगा। यह सेल 24 फरवरी से 27 फरवरी तक की बुकिंग पर इस साल 03 मार्च से 30 सितंबर तक की यात्रा के लिए मान्य होगी। बुकिंग यात्रा की तारीख से कम से कम सात दिन पहले करानी होगी।

नॉन-स्टॉप तथा कनेक्टिंग उड़ानों के लिए भी ऑफर उपलब्ध है। 'स्प्लैश इंटू सेविंग्स' के तहत घरेलू मार्गों पर एक तरफ का किराया 1,999 रुपये से और अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर 4,699 रुपये से (सभी शुल्क सहित) शुरू होगा। चुनिंदा घरेलू मार्गों पर इंडिगो स्ट्रेच किराये 9,999 रुपये से उपलब्ध हैं।किराये के अलावा सेल अवधि के दौरान चुनिंदा अतिरिक्त सेवाओं पर भी छूट दी जा रही है। इनमें फास्ट फॉरवर्ड सेवाओं पर 70 प्रतिशत तक की छूट शामिल है। प्री-पेड अतिरिक्त बैगेज पर 50 प्रतिशत तक और चुनिंदा घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय सेक्टर्स में स्टैंडर्ड सीट चयन पर 15 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध है। अतिरिक्त लेगरूम वाली सीटें चुनिंदा घरेलू मार्गों पर 500 रुपये से बुक करायी जा सकती हैं। साथ ही, दो साल तक के शिशु घरेलू सेक्टर्स में केवल एक रुपये में यात्रा कर सकते हैं, बशर्ते बुकिंग सीधे इंडिगो के चैनलों के माध्यम से की गयी हो।

शेयर बाजार में हाहाकार सेंसेक्स 1,068 अंक टूटा

बाजार में निवेशकों के एक झटके में डूब गए 3.5 लाख करोड़ रुपए

● मुंबई / राज न्यूज नेटवर्क

भारतीय शेयर बाजार 24 फरवरी को भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,068 अंक लुढ़क गया। वहीं निफ्टी फिसलकर 25,450 के नीचे चला गया।

इसके साथ ही शेयर बाजार में पिछले दो दिनों से जारी तेजी पर ब्रेक लग गया। आईटी शेयरों में भारी बिकवाली और कमजोर ग्लोबल संकेतों के बीच शेयर बाजार में चौतरफा गिरावट देखने को मिली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को लेकर नए बयानों ने भी निवेशकों के सेंटीमेंट को कमजोर किया।

कारोबार के अंत में, बीएसई सेंसेक्स 1,068.74 पॉइंट्स या 1.28 परसेंट गिरकर 82,225.92 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 288.35 पॉइंट्स या 1.12 परसेंट गिरकर 25,424.65 के स्तर पर बंद हुआ। ब्रॉडर मार्केट भी लाल निशान में रहे। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 0.3 परसेंट और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.55 परसेंट गिर

गया। सेक्टरोल इंडेक्स की बात करें तो आईटी इंडेक्स सबसे अधिक प्रभावित हुआ, जो 4 परसेंट से अधिक गिरकर बंद हुआ। वहीं रियल्टी इंडेक्स 2 परसेंट से ज्यादा गिरा। हालांकि, मेटल, फार्मा, पीएसयू बैंक, ऑयल एंड गैस, एनर्जी 0.3 प्रतिशत से लेकर 1 प्रतिशत तक की बढ़त में रहे।

ये शेयर ज्यादा लुढ़के

कंपनी	गिरावट
टेक महिंद्रा	6.63 प्रतिशत
एचसीएल	टेक 6.11 प्रतिशत
इटरनल	5.23 प्रतिशत
इंफोसिस	3.92 प्रतिशत
टीसीएस	3.84 प्रतिशत

निफ्टी 50 की कंपनियों में सबसे ज्यादा नुकसान टेक महिंद्रा को हुआ जिसमें 6.63 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। इसके बाद, एचसीएल टेक में 6.11 प्रतिशत की गिरावट, इटरनल में 5.23 प्रतिशत की गिरावट, इंफोसिस में 3.92 प्रतिशत की गिरावट और टीसीएस में 3.84 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली।

निफ्टी के इन शेयरों में रही सबसे ज्यादा तेजी

निफ्टी 50 की कंपनियों में सबसे ज्यादा बढ़त एनटीपीसी में देखने को मिली, जिसमें 1.95 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली। इसके बाद, कोल इंडिया में 1.28 प्रतिशत की बढ़त, जेएसडब्ल्यू स्टील में 1.13 प्रतिशत की बढ़त, हिंडाल्को में 0.73 प्रतिशत की बढ़त, हिंदुस्तान यूनिलिवर में 0.57 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली।

वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 8.1 फीसदी तक रह सकती है वृद्धि दर

वैश्विक अनिश्चितताओं और नए टैरिफ नियमों से बाजार में हलचल

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और अमेरिकी व्यापार नीतियों में हो रहे बड़े बदलावों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था अपने मजबूत घरेलू आधार के दम पर मजबूती से खड़ी है।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (2026) की तीसरी तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी ग्रोथ 8.1 प्रतिशत के करीब रहने का अनुमान है। वहीं, दूसरी ओर मूडीज एनालिटिक्स की एक रिपोर्ट यह संकेत देती है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित 15 प्रतिशत के एकमुश्त टैरिफ से ग्लोबल ट्रेड और विशेष रूप से एशिया-प्रशांत क्षेत्र के व्यापारिक समीकरणों में बड़े बदलाव आ सकते हैं। एसबीआई की रिपोर्ट इस बात पर जोर देती है कि भारत की आर्थिक

वृद्धि का मुख्य इंजन उसकी घरेलू मांग है।

खपत में वृद्धि: कृषि और गैर-कृषि दोनों क्षेत्रों से मिल रहे सकारात्मक संकेतों के कारण ग्रामीण खपत मजबूत बनी हुई है। इसके साथ ही, पिछले त्योहारी सीजन के खर्च और राजकोषीय प्रोत्साहन से शहरी खपत में भी निरंतर सुधार देखने को मिला है।

जीडीपी अनुमान: पहली अग्रिम रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 के लिए भारत की कुल जीडीपी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

बेस ईयर में बदलाव: भारत अपने जीडीपी का बेस ईयर 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर रहा है, जिसके नए आंकड़े 27 फरवरी 2026 को जारी होंगे। यह नया बेस ईयर डिजिटल कॉमर्स और सर्विस सेक्टर के बढ़ते प्रभाव को बेहतर ढंग से दर्शाएगा।

महंगाई दर का लक्ष्य: उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) का बेस ईयर भी 2024 कर दिया गया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के अनुसार, इसके आधार पर अप्रैल की मौद्रिक नीति में महंगाई दर के लक्ष्यों के संशोधित ढांचे की समीक्षा की जाएगी।

अमेरिकी टैरिफ नीति और वैश्विक व्यापार पर असर: मूडीज जहां भारत का घरेलू बाजार मजबूत है, वहीं विदेशी मोर्चे पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के एक हालिया फैसले ने ट्रंप प्रशासन के कंट्री-स्पेसिफिक (देश-विशिष्ट) टैरिफ ढांचे को खारिज कर दिया है। इसके जवाब में ट्रंप ने 150 दिनों के लिए सभी आयातों पर 10 प्रतिशत का अस्थायी टैरिफ लगाया है ।

टाटा संस के चेयरमैन पर नहीं हो पाया फैसला

चंद्रशेखरन ने तीसरे कार्यकाल पर फैसला ना लेने की मांग की

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

मंगलवार को टाटा संस की बोर्ड मीटिंग आयोजित की गई। इस मीटिंग पर सभी की निगाहें थीं। इस बैठक में टाटा संस के मौजूदा चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को तीसरा कार्यकाल दिए जाने पर फैसला होना था। रिपोर्ट के अनुसार यह फैसला नहीं हो पाया है।

टाटा संस के बोर्ड की मीटिंग के दौरान कई तरह के मतभेद की खबर सामने आई। जिसके बाद एन चंद्रशेखरन ने उनके तीसरे कार्यकाल पर कोई भी फैसला ना लेने की मांग की। टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने टाटा ग्रुप के नए बिजनेस में हो रहे घाटे का मुद्दा मीटिंग में उठाया। जिसके बाद इस मामले में काफी गंभीर चर्चा हुई। मीटिंग में कई सदस्यों ने एन

चंद्रशेखरन को दोबारा चेयरमैन बनाए जाने का समर्थन किया। वहीं, नुकसान की वजह उन्होंने ग्रीन फील्ड इन्वेस्टमेंट और उनके मैच्योरिटी में समय लगना बताया है। बता दें, टाटा संस के बोर्ड में नोएल टाटा और वेणु श्रीनिवासन को टाटा ट्रस्ट के नॉमिनी के तौर पर जगह मिली है।

रिपोर्ट के अनुसार टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने टाटा संस के नए चेयरमैन की नियुक्ति के पहले 4 शर्तें रखी हैं। पहली शर्त टाटा संस की शेयर बाजार में लिस्टिंग ना हो। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नए नियमों के अनुसार अपर लेयर एनबीएफसी की लिस्टिंग अनिवार्य हो गई है।

2017 से चेयरमैन हैं एन चंद्रशेखरन

एन चंद्रशेखरन टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन के पद पर 2017 से हैं। उन्हें सायरस मिस्त्री की जगह चेयरमैन बनाया गया था। बता दें, आज की मीटिंग में सभी बोर्ड के सदस्य उपलब्ध रहे हैं। जिसमें टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा और वाइस चेयरमैन श्रीनिवासन भी शामिल हैं। एन चंद्रशेखरन की नियुक्त के लिए स्पेशनल परमिशन की जरूरत होगी। टाटा संस की रिटायरमेंट पॉलिसी में नॉन एक्जीक्यूटिव रोल के लिए 65 साल के बाद स्पेशल छूट दी जा सकती है। एन चंद्रशेखरन इसी साल जून के महीने में 63 साल के हो जाएंगे।

चावल, गेहूं और चीनी में मजबूती

नई दिल्ली (आरएनएन)। घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गये। गेहूं और चीनी की कीमतों में भी तेजी रही। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 13 रुपये बढ़कर 3,859 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी।

गेहूं का भाव दो रुपये बढ़ा और यह 2,849 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी चार रुपये महंगा हुआ।दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 37 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। उड़द दाल में 31 रुपये और मूंग दाल में 15 रुपये की तेजी रही। चना दाल 14 रुपये महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी।

प. रेलवे के महाप्रबंधक ने कर्मचारियों को किया सम्मानित

● मुंबई / राज न्यूज नेटवर्क

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक (प्रभारी) प्रदीप कुमार ने पश्चिम रेलवे मुख्यालय, मुंबई में आयोजित समारोह में अहमदाबाद मंडल के दो कर्मचारियों को रेल संरक्षा में उत्कृष्ट कार्य, सतर्कता एवं सुरक्षित ट्रेन संचालन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए मैन ऑफ द मंथ (जनवरी-2025) संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया।

इन कर्मचारियों की सजगता एवं त्वरित कार्रवाई से संभावित दुर्घटनाएं टलीं तथा रेल संपत्ति और यात्री सुरक्षा सुनिश्चित हुई। इस वर्ष 19 जनवरी को रवि प्रकाश शर्मा, पॉइंट्समैन कटोसन रोड स्टेशन पर एलसी संख्या 29 पर ड्यूटी पर कार्यरत थे। गाड़ी संख्या आईएफएफसीओ/एमबी एलसी संख्या 29 से गुजर रही थी। 'ऑल राइट' सिग्नल मिलाते समय उन्होंने देखा कि ब्रेकवान से नौवें वैगन में एक हैंगिंग पार्ट बाहर लटका हुआ है। स्थिति की

गंभीरता को भांपते हुए उन्होंने तत्काल खतरे का लाल संकेत प्रदर्शित किया तथा ड्यूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर को सूचित किया। जांच के दौरान वैगन में हैंगिंग पार्ट पाया गया, जिसे सुरक्षित रूप से बांध दिया गया। वहीं 10 जनवरी को चंद्रपाल सिंह, टेक्नीशियन ग्रेड-2, टीआरडी डिपो महेसाना द्वारा आंबलियासन-जगुदन खंड के मध्य ओएचई सेक्शन की फुट पेट्रोलिंग के दौरान कैटेनरी वायर ड्रॉपर क्लिप का बोल्ट ढीला पाया गया, जो किसी भी समय खुल सकता था। यदि समय रहते इस दोष की पहचान नहीं की जाती, तो पैंटोग्राफ के उलझने से ओएचई में गंभीर खराबी उत्पन्न हो सकती थी। चंद्रपाल सिंह द्वारा समय पर दोष की पहचान एवं सुधारात्मक कार्रवाई से एक बड़ी तकनीकी खराबी एवं संभावित दुर्घटना को टाल दिया गया।

आईआरएफसी में 4 प्रतिशत तक की हिस्सेदारी बेचेगी सरकार

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

सरकारी रेल कंपनी इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन यानी आईआरएफसी के शेयर बुधवार को फोकस में रह सकते हैं। निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग यानी दिपम के सचिव ने कहा है कि सरकार कंपनी में 2 प्रतिशत हिस्सेदारी ऑफर फॉर सेल यानी ओएफएस के जरिए बेचेगी। इसके साथ 2 प्रतिशत का ग्रीन शू ऑप्शन भी रखा गया है। ओएफएस का फ्लोर प्राइस 104 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। नॉन-रिटेल इनवेस्टर्स के लिए इश्यू 25 फरवरी को खुलेगा। वहीं, रिटेल इनवेस्टर्स 26 फरवरी को बोली लगा सकेंगे। अगर ग्रीन शू ऑप्शन पूरा इस्तेमाल होता है, तो कुल हिस्सेदारी बिक्री 4 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। 24 फरवरी को आईआरएफसी का शेयर 2.19 प्रतिशत गिरकर 109.40 रुपये पर बंद हुआ।

25 फरवरी को खुलेगा ओएफएस

सोना बढ़कर 1.63 लाख रु.पर पहुंचा

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 400 रुपये बढ़कर 1,63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। स्थानीय बाजार विशेषज्ञों के अनुसार 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी की कीमतें 2,72,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर अपरिवर्तित रहीं। कारोबारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमती धातु की कीमतों में गिरावट के बावजूद स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्ट की ओर से खरीदारी बढ़ने से घरेलू बाजार में सोने की कीमतों को समर्थन मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 1.35 प्रतिशत घटकर 5,157.16 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 88.19 डॉलर प्रति औंस पर सपाट रुख के साथ कारोबार कर रही थी।

चांदी 2.72 लाख प्रति किग्रा पर

गोयल की एलएटी एयरोस्पेस ने शारंग शक्ति का किया अधिग्रहण

जोमैटो के संस्थापक के इस्तीफे के बाद बड़ी डील

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो के संस्थापक दीपेंद्र गोयल और कंपनी की पूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सुरभि दास द्वारा स्थापित एलएटी एयरोस्पेस ने गुरुग्राम स्थित रक्षा रोबोटिक्स स्टार्टअप 'शारंग शक्ति' का अधिग्रहण किया है। गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि उनका लक्ष्य कंपनी के भीतर ही ऐसी क्षमताएं विकसित करना है, जिन्हें आगे चलकर रक्षा और नागर विमानन, दोनों क्षेत्रों में लागू किया जा सके। उल्लेखनीय है कि गोयल ने

पिछले महीने जोमैटो और ब्लिंकिट की मूल कंपनी 'इटर्नल' के प्रबंध निदेशक और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के पद से इस्तीफा दे दिया था। गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स' पर लिखा, ''एलएटी एयरोस्पेस ने गुरुग्राम की एक नई रक्षा रोबोटिक्स कंपनी 'शारंग शक्ति' का अधिग्रहण किया है। यह भारत से अगली पीढ़ी के नागर विमानन मंच विकसित करने के हमारे दीर्घकालिक लक्ष्य के साथ-साथ, स्वदेशी रक्षा क्षमताएं बनाने की दिशा में हमारा पहला कदम है।''

रुपया डॉलर के मुकाबले 5.50 पैसे टूटा

मुंबई, आरएनएन। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया मंगलवार को 5.50 पैसे कमजोर हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.95 रुपये का बोला गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा पांच पैसे की मजबूती के साथ 90.8950 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी।रुपया 1.50 पैसे की तेजी के साथ 90.91 रुपये प्रति डॉलर पर खुला।

निर्णय कंज्यूमर कमीशन ने दिया पैसा वापस करने का आदेश

अमेजन से ग्राहक को मिला नकली आईफोन

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

एक ग्राहक ने अमेजन से आईफोन ऑर्डर किया, लेकिन जब उसे इस्तेमाल किया हुआ और नकली फोन मिला तो उसकी खुशी मातम में बदल गई। ग्राहक ने न्याय का रास्ता चुना और अब कंज्यूमर कमीशन ने अमेजन और विक्रेता अप्पारियो रिटैल को पूरा पैसा वापस करने का आदेश दिया है।

यह मामला 39 साल के अशोक भट से जुड़ा है। उन्होंने 9 अप्रैल 2023 को अमेजन पर एक ब्लैक आईफोन 14 प्रो मैक्स ऑर्डर किया था, जिसकी कीमत 1.3 लाख रुपये थी। 11 अप्रैल को जब उन्हें पैकेज मिला, तो उन्होंने पाया कि फोन इस्तेमाल किया हुआ था और असली नहीं लग रहा था। उन्होंने तुरंत रिफंड की मांग की। शुरुआत में अमेजन ने ग्राहक को तीन दिन इंतजार करने को कहा। बाद में उन्होंने माफी मांगी और प्रोडक्ट वापस लेने की बात

1.3 लाख रुपए थी कीमत

कही। लेकिन, अमेजन और अप्पारियो रिटैल का कहना था कि भट ने गलत सामान वापस भेजा है। ग्राहक ने दोनों कंपनियों को कानूनी नोटिस भेजा, लेकिन कोई खास जवाब नहीं मिला। अमेजन ने कहा कि असली प्रोडक्ट वापस नहीं आया। इसके बाद भट ने 10 जुलाई को कंज्यूमर कंप्लेंट दर्ज कराई और अपने पैसे वापस मांगे।

कंपनियों ने पेश नहीं किया कोई सबूत

सभी कागजात और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, कंज्यूमर कमीशन ने कहा कि कंपनियों ने कोई सबूत पेश नहीं किया कि जो प्रोडक्ट डिलीवर हुआ था, वह ऑर्डर किए गए प्रोडक्ट से मेल खाता था। कमीशन ने यह भी कहा कि ग्राहक के बार-बार संपर्क करने, कानूनी नोटिस भेजने और अप्पारियो द्वारा एफिडेविट फाइल न करने से यह साबित होता है कि ग्राहक को असली प्रोडक्ट नहीं मिला था। कमीशन ने कहा कि ग्राहक ने साफ तौर पर अमेजन कंपनी पर भरोसा करके आईफोन खरीदने का ऑर्डर दिया था। इसलिए, हमारी राय में ग्राहकों द्वारा बताई गई स्पेसिफिकेशन के अनुसार प्रोडक्ट डिलीवर करने के लिए अमेजन पूरी तरह जिम्मेदार था। कमीशन ने आगे कहा कि अमेजन ने डिलीवरी बॉय से पूछताछ नहीं की ताकि शिकायतकर्ता के मामले को गलत साबित किया जा सके।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्कल के पास ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा-390007
कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई 400051

सोने की ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से लिए गए सोने के आभूषणों के बदले ली गई सुविधा ("सुविधा") की बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। बकाया राशि का भुगतान न कर पाने के कारण हमें 7 मार्च, 2026 को गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की ई-नीलामी आयोजित करनी पड़ रही है। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के खाता बंद करने/ई-नीलामी की तिथि बदलने का अधिकार रखता है। नीलामी दोपहर 12:30 बजे से 3:30 बजे के बीच https://gold.samil.in पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया दी गई वेबसाइट पर लॉग इन करें। मृतक उधारकर्ता के मामले में, सभी शर्तें उनके कानूनी वारिसों पर लागू होंगी।

ऋण खाता संख्या	ग्राहक का नाम	ऋण खाता संख्या	ग्राहक का नाम
शाखा का नाम: इंदौर-विजयनगर		शाखा का नाम: रीवा	
185957000069	दीपेश	144505004066	विजय सुवर्ण
शाखा का नाम: मंडीदीप		094862005422	शिवेंद्र सिंह

दिनांक: 25.02.2026
स्थान: इंदौर, रायसेन, रीवा

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/03/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
रीवा, गल्लामंडी अमहिया रीवा, 127160730019261, 9262,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

कार्यालय नगर परिषद कांटाफोड जिला-देवास (म.प्र.)
Email-cmokantafod@mpurban.gov.in

क्र./UWM/निविदा/2026/347 दमोह, दिनांक 19/02/2026

-: ई-निविदा आमंत्रण सूचना :-

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http//mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

S No.	E-Tender No. & Date	Name of Work	Probable Amount (In lacs) & period of Comptetion	Cost of Bid Documents & EMD	Last Date for Submission of Bid
1	2026_UAD_484560_1 & 23.02.2026	Interception & Diversion Work for tapping Nallahs and setup STP for Used Water Management for KANTAPHOD Town under SBM 2.0	Rs. 259.48 lacs & 12 months including rainy season.	Rs. 15,000/- Rs. 1,29,740/-	Date 25.03.2026 Time 17.30

नोट :-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http//mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

(कैलाश अमोदिया) अध्यक्ष नगर परिषद कांटाफोड | (सुरेश पटेल) उपाध्यक्ष नगर परिषद कांटाफोड | (मुकेश चौबे) नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद कांटाफोड

पश्चिम मध्य रेल

इंजीनियरिंग विभाग-खुली निविदा

निम्न लिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **क्र. सं.-01-निविदा सूचना क्रमांक**-डीआरएम-डब्ल्यू-जे.बी.पी. 27-2026 दि. 18.02.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्य में जबलपुर मंडल के अधिकार क्षेत्र में फेज्ड एरे अल्ट्रासोनिक वेल्ड टेस्टर (पी ए यू टी) द्वारा फ्लैश बट वेल्डिंग जॉइंट का यू एस एफ डी परीक्षण। **कार्य का अनुमानित मूल्य** -2,87,64,455/-, **बयाना राशि रुपए**-2,93,800/-, **समापन अवधि**-24 माह, **क्र. सं.-02-निविदा सूचना क्रमांक**-डीआरएम-डब्ल्यू-जे.बी.पी. 28-2026 दि. 19.02.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-कटनी-सहायक मंडल अभियंता (मेंटेनेंस) कटनी सब डिविजन के अंतर्गत मौजूदा पार्सल कार्यालय को हटाने के बदले कटनी स्टेशन पर नया पार्सल कार्यालय का निर्माण। **कार्य का अनुमानित मूल्य** -3,06,86,515/-, **बयाना राशि रुपए**-3,03,400/-, **समापन अवधि**-12 माह, **क्र. सं.-03-निविदा सूचना क्रमांक**-डीआरएम-डब्ल्यू-जे.बी.पी. 29-2026 दि. 19.02.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**- वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण) जबलपुर के क्षेत्राधिकार अंतर्गत चार विभिन्न कार्य-पार्ट 1:- सहायक मंडल अभियंता नरसिंहपुर सब-डिवीजन के तहत गुर्रा से भेड़ाघाट स्टेशन तक क्वार्टर की मरम्मत का कार्य। पार्ट 2:- सहायक मंडल अभियंता पिपरिया सब-डिवीजन के तहत गुर्रा से सालीचौका रोड स्टेशन तक क्वार्टर और सर्विस बिल्डिंग की मरम्मत का कार्य। पार्ट 3:- सहायक मंडल अभियंता पिपरिया सब-डिवीजन के तहत रास्ते के स्टेशनों पर नाली बनाकर कॉलोनियों में ड्रेनेज सिस्टम में सुधार का कार्य। पार्ट 4:- सहायक मंडल अभियंता नरसिंहपुर सब- डिवीजन के तहत श्रीधाम स्टेशन पर एस.एस.ई. (पी.वे.) के लिए नए पी.डब्ल्यू. आई. ऑफिस, स्टोर और वर्कशॉप का निर्माण का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य** -3,58,37,400/-, **बयाना राशि रुपए**-3,29,200/-, **समापन अवधि**-18 माह, **उपरोक्त सभी निविदाओं (क्र. सं. 01-03) के प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : 15.00 बजे तक**-17.03.2026 है। **उपरोक्त सभी निविदाओं (क्र. सं. 01-03) के खुलने की तिथि एवं समय 15.15 बजे**-17.03.2026। उपरोक्त ई- निविदा सूचना की संपूर्ण जानकारी बेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। **(हस्ता.)**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी लिमिटेड
(नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश शासन)
अमरकंटक भवन इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स एम.पी. नगर जोन-1, भोपाल
फोन : 91-755-276-3060, 61, 62, फैक्स : + 91-755-276-3868
E-mail : mpusipbpl@mpurban.gov.in

NIT No. - MPUDC/ENGG / 2026 / 1062 Date : 24.02.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से म.प्र. अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा संपादित किए जाने वाले निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा (E-Tendering) के माध्यम से प्रतिशत आधारित निविदा "निविदा प्रपत्र अपेन्डिक्स 2.10" पर आमंत्रित की जाती हैं।

S. No.	Online Tender No.	Work		Probable Amount (In lacs)	Completion Period (months)
1.	MPUDC/	Group-IV (Third Call)	Construction of Fire Station work for Municipal Councils Damoh, Chhatarpur, Tikamgarh, Panna & Niwari of Madhya Pradesh.	797.05	12 months including rainy season

1. इच्छुक निविदाकारों निविदा के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in/mpudc** पर देखा जा सकता है। उपरोक्त कार्य की निविदा आमंत्रण सूचना को म.प्र. अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की वेबसाइट **www.mpudc.co.in** तथा म.प्र. नगरीय विकास एवं आवास विभाग की वेबसाइट **www.mpurban.gov.in** पर देखा जा सकता है।
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 24.02.2026 समय प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 12.03.2026 सायं 3.00 बजे तक ऑनलाइन क्रय किया जा सकता है।
3. निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों आदि का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही किया जायेगा तथा पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

म.प्र. माध्यम/124604/2026 **उप परियोजना संचालक (तक.)**